
## खबरों में रहे स्टॉक




### कोफोर्ज




इंटेलिजेंट इंश्योरेंस ऑपरेशंस के लिए नेक्सा एजेंटिक एआई प्लेटफॉर्म पेश किया

₹ 1,461.2 पिछला बंद भाव
₹ 1,517.7 आज का बंद भाव
3.9 % ▲


### पारस डिफेंस ऐंड स्पेस टेक्नॉलजीज




इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स की आपूर्ति के लिए मिला भारत इलेक्ट्रॉनिक्स से ऑर्डर

₹ 814.7 पिछला बंद भाव
₹ 852.6 आज का बंद भाव
4.7 % ▲


### ट्रांसरेल लाइटिंग




मुख्य रूप से टीऐंडडी श्रेणी में 575 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर हासिल किए

₹ 485.1 पिछला बंद भाव
₹ 488.8 आज का बंद भाव
0.8 % ▲


### इंटेलेक्ट डिजाइन एरिना




ब्रिटेन, यूरोपीय डिजिटल चैलेंजर बैंकों के लिए एआई डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म शुरू

₹ 729.5 पिछला बंद भाव
₹ 749.1 आज का बंद भाव
2.7 % ▲

### गुजरात मिनरल डेवलपमेंट कॉर्प.




एआई-संचालित दुर्लभ खनिज वेधशाला के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय संग साझेदारी

₹ 668.1 पिछला बंद भाव
₹ 668.5 आज का बंद भाव
0.1 % ▲

## संक्षेप में

### एचयूएल ने मुंबई में शुरू किया यूएफएच

हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने मंगलवार को मुंबई में अपने नए यूनिलीवर फ्रैग्रेंस हब (यूएफएच) की शुरुआत का ऐलान किया। यूनिलीवर के इस कदम से प्रमुख विकास वाले बाजार और आईऐंडडी हब के तौर पर भारत की भूमिका और मजबूत होगी। भारत की यह इकाई ब्रिटेन और अमेरिका के बाद तीसरा वैश्विक हब है। यह हब यूनिलीवर के कुल 10 करोड़ यूरो वाले उस कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कंपनी के भीतर ही डिजिटल रूप से सक्षम फ्रैग्रेंस बनाने की क्षमताओं को आगे बढ़ाना है। *बीएस*

### ट्रांसरेल लाइटिंग को 575 करोड़ रु के ठेके

इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) कंपनी ट्रांसरेल लाइटिंग को 575 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। ये ठेके मुख्यतः पारेषण एवं वितरण (टीऐंडडी), सिविल निर्माण और पोल आपूर्ति से जुड़े हैं। कंपनी के पास 31 मार्च तक कुल 16,361 करोड़ रुपये के अधूरे ठेके (जिसमें सबसे कम बोलीदाता यानी एल1 स्थिति वाले ठेके भी शामिल हैं) थे, जो पिछले साल की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक हैं। *भाषा*

### जेनेरली सेंट्रल लाइफ इं. दोगुना करेगी कारोबार

जेनेरली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने अगले तीन साल में बैंक एश्योरेंस चैनल की मदद से अपना कारोबार दोगुना कर 2,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इटली की जनरली और सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बीच 74:25 की हिस्सेदारी वाले इस संयुक्त उद्यम ने वित्त वर्ष 2025-26 में 964 करोड़ रुपये का पहले साल का प्रीमियम जुटाया है। *भाषा*

## सवाल जवाब

# 'हमारे पास पहले ही सबसे बड़ी क्लाउड क्षमता'

**भारत माइक्रोसॉफ्ट के लिए एंटरप्राइज एआई की शुरुआत करने वाले सबसे बड़े और सबसे तेजी से उभरते बाजारों में से एक बन चुका है। देश की तीन सबसे बड़ी आईटी सेवा प्रदाता – टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और विप्रो में से प्रत्येक ने अपने 1,00,000 कर्मचारियों के लिए माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपायलट को सफलतापूर्वक लागू किया है। इसके साथ ही छह महीने के भीतर 3,00,000 लाइसेंस की संयुक्त प्रतिबद्धता पूरी हो गई है। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक कहना है कि बड़े स्तर पर एंटरप्राइज एआई अपनाने की रफ्तार तेज हो रही है। शिवानी शिंदे के साथ बातचीत में उन्होंने एजेंटिक एआई को अपनाने, सबसे बड़े डेटा सेंटर की तैनाती और भारतीय बाजार के बारे में चर्चा की। संपादित अंश ...**



**भारत में 3,00,000 कर्मचारी माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपायलट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके बरअक्स भारत में एंटरप्राइज एआई अपनाने के क्या मायने हैं?**

कोपायलट अब इन्फोसिस, टीसीएस और विप्रो में 3,00,000 से अधिक इंजीनियरों और सहयोगियों के बीच एक कड़ी बन रहा है। मेरे लिए इसके तीन मायने हैं।

पहला, कोपायलट अब इस तरह से भारतीय आईटी सेवाओं का हिस्सा बन रहा है कि वे दुनिया को अपनी सेवाएं कैसे देती हैं। यह भारतीय आईटी सेवाओं में एआई के लिए एक जोड़ने वाली कड़ी या यूजर इंटरफेस बनता जा रहा है, जो कि बहुत ही रोमांचक बात है।

दूसरे, यह बड़े स्तर पर एंटरप्राइज एआई का सबूत है। हम अब प्रयोगों और पायलट परियोजनाओं से बहुत आगे निकल चुके हैं और बड़े स्तर पर, स्थायी इस्तेमाल वाले दौर में पहुंच गए हैं। अगर आप इस्तेमाल के आंकड़ों पर नजर डालें, तो इन्फोसिस में 91 प्रतिशत इस्तेमाल हो रहा है, टीसीएस में रोजाना 86 प्रतिशत उपयोग होता है। विप्रो ने 29,000 सिटिजन एजेंट तैयार किए हैं। ये ऐसे एजेंट हैं जिन्हें खुद कर्मचारियों ने बनाया है और जो काम करने के तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं।

तीसरे, भारत इस मामले में सबसे आगे है। भारत अब बड़े स्तर पर एआई को लागू करने के मामले में वैश्विक मॉडल बनता जा रहा है। हमारे पास प्रायोगिक परीक्षणों से लेकर उन्हें पूरी तरह से लागू करने तक का पूरा तरीका मौजूद है।

**वैश्विक बाजारों की तुलना में यह कैसा है? क्या आपको लगता है कि अब इसे अपनाना ज्यादा सहज हो जाएगा?**

अभी तो केवल दो साल ही हुए हैं। यह हैरानी की बात है कि हम तकनीक के साथ कितने अधीर हो जाते हैं। वैश्विक स्तर की बात करें, तो जैसा कि हमारे पिछले तिमाही नतीजों में देखा गया है, हम 2 करोड़ कोपायलट तक पहुंच चुके हैं और सालाना आधार पर 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। स्तर बहुत बड़ा है। हम यह भी देख रहे हैं कि जो ग्राहक बड़े स्तर पर कोपायलट का उपयोग करते हैं, वे इसका इस्तेमाल बढ़ाना जारी रखते हैं। 50,000 से अधिक कोपायलट वाले ग्राहकों की संख्या चार गुना हो चुकी है। एक बार जब संगठन इसका उपयोग करना शुरू कर देते हैं तथा प्रभाव और महत्त्व देखते हैं, तो वे तेजी से विस्तार करते हैं। यही बात इन्फोसिस, टीसीएस और विप्रो के साथ भी हुई। वे छह महीने पहले लगभग 50,000 कोपायलट पर थे। उन्होंने यह संख्या दोगुनी कर दी है क्योंकि उन्होंने वैल्यू और असर देखा।

**क्या कोपायलट को लेकर चल रही चर्चा अब उत्पादकता से आगे बढ़ रही है? आज उद्यम किन चीजों पर ध्यान दे रहे हैं?**

शुरुआत में एआई का सिद्धांत उत्पादकता और दक्षता पर केंद्रित था यानी काम को तेजी से और सुचारू रूप से करना। हालांकि हमारी हालिया वर्क ट्रेंड इंडेक्स रिपोर्ट में सबसे उत्साहजनक निष्कर्षों में से एक यह था कि आज कोपायलट पर होने वाले 49 प्रतिशत काम संज्ञानात्मक कार्य हैं। लोग इसका उपयोग विश्लेषण, गहन चिंतन और समस्या-समाधान के लिए कर रहे हैं। वे अपने सोच को आउटसोर्स नहीं कर रहे हैं, वे एआई को संज्ञानात्मक क्षमता बढ़ाने वाले टूल के रूप में उपयोग कर रहे हैं। एक और खास निष्कर्ष यह है कि 58 प्रतिशत लोग कहते हैं कि वे अब ऐसे काम कर सकते हैं जो वे 12 महीने पहले नहीं कर सकते थे। एआई पूरी तरह से नई क्षमताओं के निर्माण में मदद कर रहा है।

**नयारा प्रकरण और व्यापक भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बाद डिजिटल संप्रभुता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। क्या ग्राहक डेटा कहां रहेगा और इसकी मजबूती के बारे में ज्यादा सवाल पूछ रहे हैं?**

ग्राहकों का डेटा रेजिडेंसी और स्थानीय डेटा कैप्चर के संबंध में पूछना बिल्कुल सही है। यही एक वजह है कि हम पहले से घोषित 3 अरब डॉलर के अलावा 17.5 अरब डॉलर का निवेश कर रहे हैं, जिससे अगले चार वर्षों में भारत में हमारा कुल नियोजित निवेश 20 अरब तक पहुंच जाएगा। हैदराबाद क्षेत्र अगली तिमाही में चालू हो जाएगा। हमारे पास देश में पहले से ही सबसे बड़ी क्लाउड क्षमता मौजूद है और हम भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार निवेश कर रहे हैं।

**क्या आप हैदराबाद डेटा सेंटर के बारे में कोई नई जानकारी दे सकते हैं? साथ ही आप जिस मांग की योजना बना रहे हैं, उसमें से कितना हिस्सा पारंपरिक क्लाउड अपनाने की तुलना में एआई और जेनरेटिव एआई वर्कलोड से आ रहा है?**

हैदराबाद रीजन अगली तिमाही में शुरू हो जाएगा। यह देश में डेटा सेंटर के सबसे बड़े निवेश में से एक है और यह हमारी एआई और क्लाउड क्षमता को मजबूत करेगा। इसमें क्लाउड माइग्रेशन और एआई वर्कलोड दोनों ही शामिल हैं। क्लाउड पर माइग्रेशन की बड़ी लहर चल रही है, क्योंकि संगठनों को यह एहसास हो गया है कि कार्यस्थल के परिसर में एआई को प्रभावी ढंग से चलाना मुश्किल होता है।

# गर्मी से बढ़ी मदर डेरी के ठंडे उत्पादों की मांग

शार्लीन डिसूजा
मुंबई, 2 जून

देश में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण उपभोक्ताओं का ध्यान आइसक्रीम, छाछ और दही जैसे ठंडे उत्पादों की ओर बढ़ा है। इससे गर्मी के इस मौसम में मदर डेरी की बिक्री में तेजी आई है। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड और मदर डेरी के चेयरमैन डॉ. मीनेश शाह ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, 'हमने आइसक्रीम, छाछ और दही वाले उत्पादों में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी है, जिनका गर्मी में सबसे अधिक उपयोग होता है। यह ऐसा रुझान है जिसे हमने पिछले तीन से चार वर्षों में, विशेष रूप से कोविड के बाद बढ़ते हुए देखा है।'

उन्होंने कहा, 'अब लोगों की पसंद साफ तौर पर किसी ब्रांड और साफ-सुथरे उत्पाद की ओर है। इसलिए मदर डेरी के दमदार और भरोसेमंद ब्रांड होने के नाते हमें ऐसी मांग मिली है। कई बार तो ऐसा भी होता है कि हम स्टॉक पूरा करने नहीं पाते, क्योंकि मांग बहुत ज्यादा होती है। गर्मियों का मौसम हमारे लिए सचमुच बहुत अच्छा रहता है। हमें उम्मीद है कि यह रुझान आगे भी रहेगा।' इस डेयरी को-ऑपरेटिव का ध्यान स्वस्थ उत्पाद पेश करने पर रहेगा और उसकी पेशकश अधिक प्रोटीन तथा कम से लेकर चीनी के शून्य स्तर पर केंद्रित होगी, क्योंकि वह मौजूदा रुझान का लाभ उठाना चाहती है।

आगे किसी भी मूल्य वृद्धि की संभावना के बारे में शाह ने कहा कि इस को-ऑपरेटिव की निकट भविष्य में कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है। उसने हाल में मई से प्रति लीटर दूध की कीमत में 2 रुपये की वृद्धि की थी। शाह ने कहा, 'दुर्भाग्य से मूल्य वृद्धि भू-राजनीतिक समस्याओं से चलती है, जिसके कारण हमारी अधिकांश पैकिंग सामग्री और कुछ कच्चे माल की इनपुट लागत में 30 से 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। लेकिन फिलहाल हम उन बढ़ोतरी को वहन कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि निकट भविष्य में स्थिति इसी पर बनी रहेगी।'

मदर डेरी ने मंगलवार को मिट्टी में प्राकृतिक रूप से विघटित होने वाली दूध की थैली पेश की। कंपनी विश्व पर्यावरण दिवस यानी 5 जून से दिल्ली-एनसीआर में अपने काउ मिल्क संस्करण के जरिये पैकेजिंग का यह नवाचार पेश करेगी। इसमें नए पैक डिजाइन भी शामिल होंगे।

# सीएट का कैमसो के बाजार पर दांव

सोहिनी दास
मुंबई, 2 जून

सीएट मिशेलिन के स्वामित्व वाले कैमसो प्लेटफॉर्म के अधिग्रहण को ऑफ-हाईवे टायर (ओएचटी) के अपने वैश्विक विस्तार के अगले चरण के लिए तैयार कर रही है। कंपनी भविष्य में वृद्धि को रफ्तार देने के लिए ट्रैकों और उत्तर अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित बाजारों पर दांव लगा रही है।

आरपीजी समूह की कंपनी ने कहा कि ओएचटी श्रेणी की आय उसके राजस्व में लगभग 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। अधिग्रहण से पहले यह हिस्सेदारी 12 से 14 प्रतिशत थी। उम्मीद है कि यह श्रेणी इस कारोबार का बड़ा हिस्सा बन जाएगी। इसकी वजह यह है कि अगले दो वर्षों के दौरान इस श्रेणी की अतिरिक्त कैमसो प्रोडक्ट श्रेणियों और ब्रांड अधिकारों तक पहुंच हो जाएगी।

सीएट स्पेशियलिटी के मुख्य कार्य अधिकारी अमित तोलानी ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, 'हमें उम्मीद है कि यह श्रेणी बढ़ेगी तथा अधिक से अधिक प्रभावी बनेगी।' उन्होंने कहा, 'एक ब्रांड के रूप में कैमसो से हमें उन श्रेणियों तक पहुंच मिलेगी जिन तक पहले हमारी पहुंच नहीं थी।'

सीएट के ओएचटी कारोबार के भीतर वर्तमान में कैमसो की राजस्व हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है। इससे कंपनी के स्पेशियलिटी टायर पोर्टफोलियो में अधिग्रहित ब्रांड की बढ़ती अहमियत का पता चलता है।

सीएट ने पिछले साल मिशेलिन से कैमसो के छोटे निर्माण ट्रैक और टायर कारोबार का अधिग्रहण किया था।

# वेदांत समूह के खिलाफ ईडी ने की छापेमारी

भाषा
नई दिल्ली, 2 जून

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा संबंधी कथित 'उल्लंघन' के संबंध में अरबपति कारोबारी अनिल अग्रवाल के वेदांत समूह के खिलाफ जांच के तहत उसके आधिकारिक परिसरों में छापेमारी की। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि वैश्विक खनन समूह के खिलाफ छापेमारी सोमवार को शुरू की गई और दिल्ली, मुंबई एवं राजस्थान के उदयपुर स्थित परिसरों सहित वेदांता लिमिटेड के चार परिसरों की तलाशी ली गई। जांच विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के दीवानी प्रावधानों के तहत की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय कंपनी वेदांत लिमिटेड की लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांत रिसोर्सेज द्वारा 2023 में वेदांत लिमिटेड को ब्रांड शुल्क का एक हिस्सा लौटाए जाने का एक मामला संघीय जांच एजेंसी की जांच के दायरे में है। उन्होंने बताया कि जारी जांच में समूह की कुछ अन्य व्यवस्थाओं की भी पड़ताल की जा रही है। वेदांत के एक प्रवक्ता ने ईडी की कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि कंपनी 'प्राधिकारियों को पूरा सहयोग दे रही है और मांगी गई सभी जानकारी उपलब्ध करा रही है।'

प्रवक्ता ने कहा, 'कंपनी सभी कानूनों और नियमों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है।'

# सेबी के दो पूर्णकालिक सदस्यों के लिए सरकार ने आवेदन मांगे

सरकार ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के लिए दो पूर्णकालिक सदस्यों (डब्ल्यूटीएम) की तलाश शुरू कर दी है। मौजूदा दो पूर्णकालिक सदस्यों का कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने वाला है। आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) ने इन शीर्ष पदों के लिए 30 जून तक आवेदन मांगे हैं। सेबी में अभी चार पूर्णकालिक सदस्य हैं। इनमें अमरजीत सिंह, कमलेश चंद्र वार्ष्णेय, संदीप प्रधान और केवीआर मूर्ति शामिल हैं। सिंह और वार्ष्णेय का तीन साल का कार्यकाल सितंबर में पूरा हो रहा है। हालांकि, इन पदों के लिए ऊपरी आयु सीमा 65 वर्ष है। इसलिए उन्हें दोबारा भी नियुक्त किया जा सकता है। *बीएस*

**यूको बैंक UCO BANK**
सम्मान आपके विश्वास का
(भारत सरकार का उपक्रम)
प्रधान कार्यालय-II
सूचना प्रोद्योगिकी विभाग
3 और 4, डीडी ब्लॉक, सेक्टर-1
सॉल्ट लेक, कोलकाता-700064

**निविदा की सूचना**
यूको बैंक जेम पोर्टल के माध्यम से निम्नलिखित मदों के लिए निविदाएँ आमंत्रित करता है:
1. **एंटीवायरस विशेषताओं सहित XDR समाधान की खरीद।**
2. **बैंक की वर्चुअल मशीन इंफ्रास्ट्रक्चर के हार्डवेयर संवर्धन के लिए निविदा।**
विवरण के लिए कृपया **https://www.uco.bank.in** और **https://gem.gov.in** वेबसाइट पर देखें।
**दिनांक:- 03.06.2026**
उप-महाप्रबंधक
डी आई टी - परिचालन

**ABN INTERCORP LIMITED**
F-01, TDI Centre, Jasola, New Delhi-110025 Phone No: 011-41324180
Email id: abncompliance@gmail.com CIN: L55101DL2005PLC140406
EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR HALF YEAR AND YEAR ENDED ON 31[ST] MARCH, 2026
(₹ in Lakhs except EPS data)

| Sr. No. | Particulars | Half Year Ended 31/03/2026 (Audited) | Year Ended 31/03/2026 (Audited) | Half Year Ended 31/03/2025 (Audited) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income From Operation | 16.24 | 22.93 | 12.92 |
| 2. | Net Profit for the period (before tax and exceptional items) | (19.64) | (23.82) | (29.67) |
| 3. | Net Profit for the period before Tax (after exceptional items) | (19.64) | (23.82) | (29.67) |
| 4. | Net Profit for the period after tax (after Exceptional items) | (13.74) | (17.92) | (25.35) |
| 5. | Total Comprehesive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (13.74) | (17.92) | (25.35) |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value of ₹ 10/-each) | 41.95 | 41.95 | 41.95 |
| 7. | Reserve (excluding Revaluation Reserve). | 932.84 | 932.84 | 950.76 |
| 8. | Earning Per Share (EPS) (of ₹ 10/- Each) (for continuing and discontinued operations) not annualised | | | |
| | (a) Basic | (3.28) | (4.27) | (6.04) |
| | (b) Diluted | (3.28) | (4.27) | (6.04) |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of Financial year ended Results for the year ended 31[st] March,2026 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015.The full format of the Yearly Financial Results are available on the website of the stock exchange. website **www.nseindia.com.**
PLACE : NEW DELHI
DATE : 30/05/2026
Sd/-
Mr. Ajai Kumar Rastogi
Managing Director
DIN : 00322447

JKCement
**जे.के. सीमेन्ट लिमिटेड**
सीआईएन: L17229UP1994PLC017199
पंजीकृत कार्यालय: कमला टावर, कानपुर- 208 001, उ.प्र.
टेलीफोन: +91 512 2371478 - 81 | फैक्स: +91 512 2332665
वेब: www.jkcement.com | ईमेल: comp.sec@jkcement.com
**दावा रहित/भुगतान रहित इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि (आई ई पी एफ) में अंतरण के पूर्व इक्विटी शेयरहोल्डर्स/सदस्यों को सूचना**
सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 तथा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षण, अंतरण एवं धनवापसी) नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार, 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अवितरित/अदत्त लाभांश तथा कंपनी के वे इक्विटी शेयर, जिन पर उक्त वित्तीय वर्ष से लगातार सात वर्षों तक लाभांश का दावा नहीं किया गया है अथवा लाभांश भुनाया नहीं गया है, सितंबर, 2026 के प्रथम सप्ताह में भारत सरकार की निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (IEPF) में अंतरण हेतु देय हो जाएंगे।
ऐसे संबंधित सदस्यों तथा IEPF को अंतरण हेतु देय शेयरों का विवरण कंपनी की वेबसाइट www.jkcement.com पर 'Information about IEPF' अनुभाग में उपलब्ध है। इस संबंध में संबंधित सदस्यों को उनके कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास उपलब्ध पंजीकृत पते/ई-मेल आईडी पर व्यक्तिगत सूचना भी भेजी जा चुकी है।
संबंधित सदस्यों से अनुरोध है कि उपर्युक्त लाभांश एवं शेयरों के संबंध में अपना दावा कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता, एनएसडीएल डाटाबेस मैनेजमेंट लिमिटेड (RTA), चौथी मंजिल, टावर 3, वन इंटरनेशनल सेंटर, सेनापति बापट मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई- 400013 को 31 जुलाई, 2026 या उससे पूर्व लिखित रूप में प्रस्तुत करें। यदि **31 जुलाई, 2026** तक कंपनी/RTA को कोई वैध दावा प्राप्त नहीं होता है, तो कंपनी उपर्युक्त विधिक प्रावधानों के अनुसार ऐसे अवितरित/अदत्त लाभांश एवं संबंधित शेयरों को IEPF में अंतरण करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर देगी।
कृपया ध्यान दें कि उक्त नियमों के अनुसार IEPF में अंतरण किए गए अवितरित लाभांश एवं संबंधित शेयरों के संबंध में कंपनी के विरुद्ध कोई दावा मान्य नहीं होगा। संबंधित सदस्य निर्धारित प्रपत्र IEPF-5 में ऑनलाइन आवेदन करके IEPF प्राधिकरण से दावा कर सकते हैं।
31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के अवितरित/अदत्त लाभांश तथा उससे संबंधित शेयरों का अंतरण पूर्व में सूचित किए अनुसार IEPF में किया जा चुका है।
किसी भी स्पष्टीकरण हेतु सदस्य कंपनी से comp.sec@jkcement.com अथवा RTA से investor.ndmlrta@ndml.in पर संपर्क कर सकते हैं या दूरभाष संख्या 022-4914-2578/2589 पर संपर्क कर सकते हैं।
यह सूचना निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षण, अंतरण एवं धनवापसी) नियम, 2016 के लागू प्रावधानों के अनुसार प्रकाशित की जा रही है।
स्थानः गुरुग्राम
दिनांकः 2 जून, 2026
कृते **जे.के. सीमेंट लिमिटेड**
**भूमिका सूद**
**कम्पनी सचिव**
आईसीएसआई मेम्बरशिप सं. (एसीएस सं. 19326)

**फॉर्म नं. INC-26**
[कम्पनी(इनकॉर्पोरेशन) रूल्स 2014 के रूल 30 के अनुसार]
कम्पनी के रजिस्टर्ड ऑफिस को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानान्तरण हेतु अखबार में सूचना प्रकाशित किया जाना है|
सेंट्रल गवर्नमेंट (क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरीक्षेत्र), नई दिल्ली के सामने
कम्पनीज एक्ट, 2013 के सेक्शन 13 के सब-सेक्शन 4 और कम्पनी (इनकॉर्पोरेशन) रूल्स 2014 के रूल 30 के सब-सेक्शन (5) के क्लॉज (a) के मामले में
और
श्रीजन बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के मामले में, जिसका रजिस्टर्ड ऑफिस "D-17, हौजखास, दिल्ली-110016" में है.....एप्लीकेंटकंपनी
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पनी मे मोरेंडम में बदलाव की स्वीकृती के लिए केन्द्र सरकार के समक्ष, कम्पनीज एक्ट 2013 के सेक्शन 13 के तहत क्षेत्रीय निदेशक को दी गई पावर के साथ, एप्लीकेशन/ पिटीशन करने का प्रस्ताव रखती है। कम्पनी ने 30 मई, 2026 को हुई असाधारण आम सभा की मीटिंग में पास हुए विशेष प्रस्ताव के मुताबिक, कम्पनी को अपना रजिस्टर्ड ऑफिस "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "उत्तर प्रदेश राज्य" में स्थानान्तरित करने को कहा है।
कोई भी व्यक्ति जिसके हित पर इस प्रस्तावित बदलाव सेअसर पड़ने की संभावना है, वह MCA 21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर इन्वेस्टर कंप्लेंट फ़ॉर्म भरकर या मंगवा कर या रजिस्टर्ड पोस्ट से अपनी आपत्तियाँ एक शपथ पत्र के साथ भेज सकता है, जिसमें उसके हित की प्रकृति और विरोध का कारण बताते हुए हो। यहआपत्ति नोटिस पब्लिश होने की तारीख से 14 दिनों के अंदर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र के पते पर भेज सकतेहै: ऑफिस ऑफ़ रीजनल डायरेक्टर (नॉर्दर्न रीजन) B-2 विंग, दूसरी मंज़िल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003, और इसकी एक कॉपी आवेदक कम्पनी को उसके पंजीकृत कार्यालय D-17, हौज़खास, दिल्ली-110016 में भेजनी होगी।
वास्ते श्रीजन बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड
मनमोहनअग्रवाल, निदेशक
DIN: 00926899
दिनाँक: 02.06.2026
स्थान: दिल्ली

विज्ञापन संख्या : 63/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
**भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल)**
में
**निदेशक (पावर)**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
**22 जून, 2026 (15:00 बजे तक)** है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को
लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
**01 जुलाई, 2026 (17:00 बजे तक)** है।
जानकारी के लिए वेबसाइट **https://pesb.gov.in** में लॉग इन करे।

सिक्योरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

| अनु. क्र. | कर्जदाता (ओं) का नाम (ए) | गिरवी संपत्ति(यों) का विवरण (बी) | एन.पी.ए की तारीख (सी) | बकाया राशि (रू.) (डी) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कर्ज खाता क्र. HHLKAR00286561 1. नितिन कुमार 2. जसबीर सिंह | प्लॉट नंबर 14-टी/बी-252 के सभी भाग और खंड, जिसका माप 201 वर्ग गज है, आवासीय कॉलोनी ''सीएचडी सिटी प्लॉट्स'' में स्थित है, सेक्टर-45, करनाल-132001, हरियाणा। | 05.03.2026 | रू. 27,34,804.08/- (रूपए सत्ताईस लाख चौंतीस हजार आठ सौ चार और आठ पैसे मात्र) 06.05.2026 के अनुसार |

कि ऊपर लिखे नाम वाला उधार लेने वाला(ले) ने ऋण खाते के वित्तीय अनुशासन को बनाए रख पाने में असफल रहे हैं तथा कंपनी द्वारा अपनी आम बिजनेस चर्या में रखे जाने वाले खातों के अनुसार प्रत्येक उधार पाने वाले (लों) के नाम के आगे स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट धनराशि बकाया बनी हुई है।
उधार लेने वाले(लों) की ओर से ऋण धनराशि का पुनर्भुगतान में लगातार चूक होने के कारण उधार लेने वाले(लों) के ऋण खाते को कंपनी द्वारा सीमांकित मापदंडो के भीतर निष्पादनेतर परिसंपत्तियों (स्तंभ सी में तारीख के अनुसार) के रूप में वगीकृत किया गया है। परिणामस्वरूप प्रत्येक उधार लेने वाले को अधिनियमन की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचनाएं भी जारी की गई है।
उपर्युक्त को दृष्टिगत रखते हुए कंपनी एतदद्वारा ऊपर लिखे नाम वाले उधार लेने वाले(लों) का आहवान करती है कि, वे इस सूचना के प्रकाशित होने के दिन से 60 दिन के भीतर अद्यतन ब्याज, लागतें, तथा शुल्कों सहित ऊपर स्तंभ डी में विनिर्दिष्ट संपूर्ण बकाया देयताओं का भुगतान करके कंपनी के प्रति बनने वाले अपने / उनके पूर्ण दायित्वों का निर्वहन करें, ऐसा न करने पर कंपनी ऊपर के स्तंभ बी में उल्लिखित बंधक रखी गई संपत्ति को अधिग्रहीत करने के लिए कंपनी पात्र होगी।
कृपया ध्यान दें कि सरफेसी कानून की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के अनुसार, ''कर्जदार सार्वजनिक नीलामी द्वारा, कोटेशन आमंत्रित करते हुए, सार्वजनिक निविदा या निजी समझौते द्वारा सुरक्षित आस्तियों की बिक्री के लिए सूचना के प्रकाशन के दिनांक तक केवल सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा किए गए सभी खर्चो, लागतों और प्रभारों के साथ संपूर्ण बकाया देय राशि अदा कर सकता है, इसके अलावा यह भी ध्यान दें कि उपरोक्त विधिक रूप से निर्धारित समयावधि के अंदर सुरक्षित आस्ति का मोचन करने में कर्जदार विफल रहने पर कर्जदार संपत्ति का मोचन करने के लिए पात्र नहीं हो सकता''
सरफेसी अधिनियमन की धारा 13 की उप-धारा (13) के प्रावधान के संदर्भ में, आप इस प्रकार बिक्री, पट्टे के माध्यम से अन्यथा नोटिस में उल्लिखित अपनी सुरक्षित संपत्तियों में से कोई भी (अपने व्यापार के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित हैं।
कृते सम्मान कैपिटल लिमिटेड
(पहले इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
स्थान : करनाल
प्राधिकृत अधिकारी

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुश्री हिमानी गुप्ता, सुश्री संध्या गंगल और सुश्री शालिनी दत्ता (स्वर्गीय श्रीमती सुमन लता अग्रवाल की कानूनी वारिस) ने दिल्ली स्कूल टीचर्स CHBS Ltd., सूरज मल विहार, दिल्ली-110092 के लेआउट प्लान में स्थित संपत्ति संख्या 219, क्षेत्रफल 150 वर्ग गज, ब्लॉक-बी, के पूर्ण और निर्विवाद मालिक हैं। और कब्जे में हैं। श्रीमती सुमन लता अग्रवाल की मृत्यु के आधार पर है। जो डीडीए के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा निष्पादित दिनांक 25.02.2000 के हस्तांतरण विलेख के आधार पर उक्त संपत्ति का पिछला मालिक था। अब, श्री ललित कुमार बरलेजा ने हमारे मुवक्किल आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से लोन लेकर, उक्त संपत्ति को सुश्री हिमानी गुप्ता, सुश्री संध्या गंगल और सुश्री शालिनी दत्ता से खरीदने का प्रस्ताव रखा है। इसके लिए, उक्त संपत्ति की सिक्योरिटी पर लोन लिया जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/स्वामित्व है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 14 दिनों के भीतर सूचित करें।
सहवाज शेख, अधिवक्ता
वरिष्ठ विधि प्रबंधक, नॉर्थ आई एडवाइजर्स
बी/2/72, द्वितीय तल विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, 226010, ईमेल आईडी- ncr@northeye.co.in, संपर्क संख्या- 7294177027

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि श्री तनुज खरबंदा और श्री हरीश चावला, लाल डोरा गांव महरौली, वार्ड नंबर 8, नई दिल्ली-110030 की आबादी में स्थित खसरा संख्या 1151/3मीन में से, क्षेत्रफल 45 वर्ग गज, प्लॉट नंबर 8, संपत्ति संख्या 893-डी, बिक्री विलेख दिनांक 21.11.2024, पंजीकृत दस्तावेज़ संख्या 2024/7/I/11789, के माध्यम से मालिक हैं। वह इसे श्रीमती दीपा को बेचना चाहते हैं। और इसे शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा फाइनेंस किया जाएगा। श्री राजेंद्र प्रसाद की मृत्यु हो गई है और वे अपने पीछे कानूनी वारिस यानी श्रीमती कविता गुप्ता (बेटी), श्री नरेंद्र गुप्ता (बेटा), श्री अनुज गुप्ता (बेटा) और श्रीमती उषा गुप्ता (पत्नी) छोड़ गए हैं और एसएमसी उपलब्ध नहीं है, और ये सभी उक्त संपत्ति श्रृंखला से जुड़े हैं। यदि किसी के पास उक्त संपत्ति पर कोई प्रभार/हित/स्वामित्व या किसी प्रकार का विवाद है तो कृपया नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।
आकाँश सिंह, अधिवक्ता
ज्यूरिस कोर (लॉ फॉर्म)
पताः-607, 6वीं मंजिल, शिवम टॉवर, अंसल बिल्डिंग आरडीसी गाजियाबाद, यूपी 201002
ई-मेलः juriscore@gmail.com, Ph: 8076533540

**सार्वजनिक सूचना**
श्री वसीम अहमद की ओर से आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती साइस्ता और श्री वसीम अहमद, गांव सुजरु (बहार हदूद), परगना तहसील और जिला मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश में स्थित आवासीय भूखंड क्षेत्रफल 209.08 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 1323m और 1326, 6 बिक्री विलेख के माध्यम से मालिक हैं। और इसे चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस लिमिटेड, द्वारा बंधक किया जाएगा। यह कि, संपत्ति के संबंध में श्री नवीन चंद जैन द्वारा अपने भागीदार श्री ओमवीर सिंह के माध्यम से मेसर्स राशि एंटरप्राइजेज के पक्ष में निष्पादित मूल बिक्री विलेख दिनांक 11.07.2023, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 10047 में दस्तावेज संख्या 8999 के अनुसार, पेज 219 से 234 पर, दिनांक 11.07.2023, उप पंजीयक- मुजफ्फरनगर है, जो खो गया है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा, अधिकार, स्वामित्व, हित, या बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 7 दिनों के भीतर, अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है।
लुसेम लीगल एलएलपी
बी-93बी, द्वितीय तल, एसबीआई बैंक के सामने, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी-201301, संपर्क #0120-4269379

**दिल्ली संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा नीतेंद्र कुमार श्रीवास्तव, जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210-211, सेक्टर-63 नोएडा-201301 उ.प्र. और पृथ्वीस दास, डी.बी. कॉर्प लिमिटेड 10, जेएलएन मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर - 302015 से मुद्रित एवं नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. DELHIN/2008/27804 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 011-23720202/23762742
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं